(ग) इस बारे में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग). हापुड़ स्टेशन पर अतिरिक्त टर्मिनल सुविधाओं की व्यवस्था करने के प्रस्ताव की अभी भी जांच की जा रही है ।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन

3430 **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री बल राज मधोक :
श्री ओम प्रकाश त्यागी :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री महाराज सिंह भारती :

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री 17 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4777 के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन द्वारा बनाई गई मशीनों के मूल्य निर्धारित करने के प्रश्न पर विचार कर लिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम रहा है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) और (ख). मामला अभी विचाराधीन है ?

इस्पात उत्पादन सम्बन्धी कर्णधार समिति का प्रतिवेदन

3431. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना में इस्पात के उत्पादन, खपत तथा निर्यात के बारे में कर्णधार समिति द्वारा पेश किये गये प्रतिवेदन का ब्योरा क्या है ; और

(ख) क्या सरकार ने इस प्रतिवेदन को स्वीकार कर लिया है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) लोहा और इस्पात कर्णधार समिति ने चौथी और पांचवीं योजनाओं के लिए प्रतिवेदन का प्रारूप प्रस्तुत कर दिया है । प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि चौथी योजना अवधि के अन्त तक (1973-74) घरेलू मांग और इस्पात का संभाव्य निर्यात इस प्रकार होगा:-

	(तैयार इस्पात मिलियन टन में)
घरेलू मांग	7.12
निर्यात	1.30
कुल मांग	8.42

यह सुझाव दिया गया है कि तैयार इस्पात के उत्पादन का आयोजन इस प्रकार किया जाना चाहिए, जिससे ऊपर दी गई कुल मांग की पूर्ति की जा सके ।

(ख) कर्णधार समिति के प्रतिवेदन का प्रारूप इस समय सरकार के विचाराधीन है ।

Public Sector Projects iu Punjab

3432. SHRI SHRI CHAND GOYAL : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) the major projects in the public sector demanded by the Government of Punjab for its Fourth Five Year Plan ;

(b) whether the same have been found feasible and got examined by Government ; and

(c) the number of Projects conceded to by Government ?

THT MINISTFR OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED : (a) The Government of Punjab have not made any specific proposals for ocation of any particular sceneme in the lCentral Sector in that State but have made a general request that a large share of investment in Central Industrial project during the Fourth Plan should be allotted to that State. In the State sector too, no difinite proposal has been put forward by